वी.यू. में 40 वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 24.06.2022 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में 40 वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत में कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील व आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं विश्वविद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये साथ ही अन्य प्रस्ताव भी रखें गये है। हाल ही में हुए बैकलॉग के असिस्टेंट प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर साक्षात्कार में रिक्त 25 पदों में चयनित उम्मीदवारों के लिफाफे खोलकर अनुमोदन किया गया। प्रगतिशील कृषक (मत्स्य पालन, शूकर पालन मुर्गी पालन बकरी पालन) हेतु समय–समय पर संगोष्ठी का आयोजन विशेषज्ञों तथा कृषकों को एक मंच पर करना जिससे किसान अपनी कार्यक्षेत्रों की समस्यों का समाधान बना सकें तथा आय में वृद्धि कर सकें। महु एवं रीवा में मत्स्य पॉलीटेक्निक डिप्लोमा खोलने इत्यादि प्रस्ताव व महत्वपूर्ण विषयों को रखा गया। बैठक के उपरांत सभी माननीय सदस्य को विश्वविद्यालय परिसर में संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र इकाई भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक द्वारा जने बछड़ो को देखा दूध वेंडिंग मशीन कृषक भवन गर्ल्स हॉस्टल पंचगव्य इकाई मिनरल मिक्चर इकाई एवं वेटनरी महाविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर माननीय सदस्यों द्वारा अपने–अपने विचार प्रकट किये तथा कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व में प्रबंधन एवं प्रशासनिक दक्षता एवं वि.वि. के निरंतर विकास के प्रयासों की सराहना की और आगे पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य का भरोसा दिलाया। प्रबंधन मंडल के सदस्यों में क्रमशः मंडल के सम्माननीय सदस्य श्री एस.सी. दुबे, श्रीमति राधा मिश्रा, श्री हिम्मत सिंह पटेल डॉ. जितेन्द्र सिंह डॉ. महेन्द्र सिंह डॉ. सुधीर यादव पशुपालन विभाग से डॉ. गौतम, मत्स्य पालन विभाग के डॉ. प्रियंक श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि. अधारताल जबलपुर